RNI No. : UPHIN/2017/74695

डाक पंजीकरण सं. :
एस.एस.पी./एल.डब्लू./एन.पी. - 558/2021-2023

स्टूडियो न्यूज

वर्ष : 5 अंक : 02 | लखनऊ, शुक्रवार, 6 अगस्त 2021 से 5 सितम्बर 2021 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 10 रूपये

महान विभूतियाँ

वामन ठाकरे

तकनीकी समीक्षा

टूल्स ऑफ लाइटरूम

Photo by : R. Prasanna Venkatesh
Model : Sangeetha | Makeup : Jeevitha

सम्पादक की कलम से ...

मेरे फोटोग्राफर साथियों,

स्टूडियो न्यूज़ के अगस्त 2021 अंक के साथ हम आपके समक्ष हैं। सभी साथियों को 75वें स्वतंत्रता दिवस की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनायें। साथ ही 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी दिवस की भी सभी साथियो को शुभकामनायें। साथियों यह दौर चुनौतियों से भरा है। पूरा विश्व इस दौर में चुनौतियों से जूझ रहा है और फोटोग्राफी व्यवसाय भी इससे अछूता नहीं है। अच्छा समाचार ये है कि धीरे-धीरे फोटोग्राफी व्यवसाय अपनी पूरी लय में वापस आ रहा है। टोक्यो ओलंपिक्स नई आशा जगाते हैं। स्थिति सामान्य हो रही है और जल्दी ही इवेंट और अन्य कार्यक्रम भी होने लगेंगे। आने वाले समय में जल्द ही हम फोटो प्रदर्शनी भी देख पाएंगे ऐसी हमारी उम्मीद है।

फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का स्वरूप बहुत विस्तृत हो चुका है। कोई भी व्यक्ति इससे अछूता नहीं है। रोज़ नई-नई तकनीक आ रही हैं। जैसे आजकल विलॉगिंग (Vlogging) का जोर है। मतलब जिस प्रकार हम किसी वेबसाइट/ब्लॉग़ पर आर्टिकल लिखकर टेक्स्ट फॉर्मेट में शेयर करते हैं, उसी तरह विलॉगिंग में हम अपने विचारों को वीडियो के माध्यम से लोगों तक पहुँचाते हैं। कोरोना महामारी की वजह से विलॉगिंग का प्रसार बहुत तेजी से हुआ। लोगों को विलॉगिंग के माध्यम से अपनी बात दूसरों तक पहुँचाना बहुत आसान लगा। इसलिए आम व्यक्ति भी विलॉगिंग करने लगा। शुरूआत में लोगों ने इसको हॉबी के तौर पर लिया लेकिन धीरे-धीरे बहुत से लोगो के लिए ये आय का सशक्त माध्यम बन गया। फोटोग्राफी कंपनियों ने भी विलॉगिंग को ध्यान में रखते हुए कैमरे मार्केट में उतारे हैं। प्रोफेशनल लेवल पर भी विलॉगिंग का बहुत बड़ा मार्केट नज़र आता है, क्योंकि लोग पढ़ने की बजाए वीडियो देखकर चीजों को समझना पसंद कर रहे हैं। समय और तकनीक के साथ चलना सबके लिए जरूरी हो गया है।

वेडिंग फोटोग्राफी क्षेत्र में ये दौर सबसे चुनौतीपूर्ण है क्योंकि इस महामारी ने वेडिंग फोटोग्राफर की आजीविका पर सबसे ज्यादा असर डाला है। आज के दौर में वेडिंग व्यवसाय में बहुत निवेश होता है। साथ ही वेडिंग शूट का स्वरूप पहले के मुकाबले अब बदल चुका है। अब वेडिंग में प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स की टीम की जरूरत पड़ती है। साथ ही आपस में उनका सामंजस्य भी बहुत जरूरी है। फोटोग्राफर साथियों, इस दौर में सकारात्मक सोच बना कर रखिये। अपने कार्य को निखारिये, आपका कार्य ही आपकी पहचान होगी। नकारात्मक सोच एवं नकारात्मक लोगों से दूरियाँ बनाइये क्योंकि ऐसे लोग भ्रम की स्थिति पैदा करते हैं। नकारात्मक लोगों के पास समाधान कुछ नहीं होता, केवल समस्याएं होती हैं।

साथियों आने वाला समय वेडिंग फोटोग्राफी में प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स का होगा। क्योंकि जो कस्टमर फोटोग्राफी जानता है, वो आपसे बेहतर फोटोग्राफी की उम्मीद करता है। वेडिंग फोटोग्राफी में हर एक वेडिंग आपको कुछ नया सिखाती है। जो सीखेगा वही आगे बढ़ेगा। आप और आपका परिवार स्वस्थ रहे ऐसी ईश्वर से कामना करते हैं। शेष अगले अंक में।

सुरेंदर सिंह बिष्ट
सम्पादक

एसोसिएशन के सहयोग से निर्दोष कलर लैब मालिक को मिली बेल

मध्य प्रदेश के रतलाम शहर में राठौर कलर लैब द्वारा फोटो प्रिंट करने के कारण लैब मालिक कमलेश राठौर को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के अनुसार अनजान तथाकथित अधिवक्ता द्वारा रतलाम में पीठासीन माननीय न्यायाधीश को एक फोटो प्रिंट कराकर उनके ईमेल तथा स्पीड पोस्ट द्वारा भेजने की है। पुलिस कार्यवाही के दौरान अधिवक्ता द्वारा फोटो राठौर कलर लैब, रतलाम द्वारा प्रिंट कराना स्वीकार किया गया। जिससे लैब मालिक को भी हिरासत में ले लिया गया।

नार्दन इण्डिया कलर लैब एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सुरेन्द्र मलिक को जब इस घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने पीएमओ, गृह मंत्रालय और चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया पर कमलेश राठौर की बेल के लिए दबाव बनाया और आखिर में 1 माह पश्चात कमलेश राठौर को बेल मिल गयी।

बरेली में बिजनेस डेवलेपमेंट वर्कशॉप

फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश बरेली जोन द्वारा बिजनेस डेवलेपमेंट वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बरेली जोन अध्यक्ष अरविन्द आनन्द के साथ काफी संख्या में बरेली जोन के फोटोग्राफरों ने भाग लिया।

अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खबरें

पैनासॉनिक ने लॉन्च किया लीका DG वैरियो समिलक्स 25-50mm F1.7 ASPH

पैनासॉनिक ने लीका DG वैरियो समिलक्स 25-50mm F1.7 ASPH का एलान किया, यह माइक्रो फोर थर्ड सिस्टम के लिए तेज व छोटा टेलीफोटो ज़ूम है। 25-50mm बना है 10-25mm F1.7 ज़ूम के साथ काम करने के लिए, जो कि 50-100mm बराबर रेंज को फास्ट अपर्चर कवरेज देता है।

JPEG XL इमेज फॉर्मेट देता है छोटी फाइल्स, कम्पैटिबिलिटी व और भी बहुत कुछ

JPEG XL फाइल फॉर्मेट वादा करता है बेहतर कम्प्रेशन का वह भी बिना विज़ुअल क्वालिटी गंवाए। इससे इमेज स्टोर करने के लिए स्पेस में जगह बनती है व लागत भी कम आती है।

रिकोह ने HD पेंटाक्स-DA* 16-50mm F2.8 लेंस अगस्त में डॉलर 1400 पर सेल में जाएगा

HD पेंटाक्स-DA* 16-50mm F2.8 ED PLM AW लेंस रिकोह के इमेजिंग फ्लैगशिप पेंटाक्स स्टार लाइनअप का लेटेस्ट एपीएस-सी एडिशन है।

RØDE का नया डॉलर 25 थ्रेड अडैप्टर सुनिश्चत करता है कि आप कभी भी सही माउंटिंग स्क्रू के बिना नहीं हैं

थ्रेड अडैप्टर साधारण व एक रचनात्मक उपाय है जिससे आप कभी भी किसी असाइनमेंट के बीच कम्पैटिबल माउंटिंग

स्क्रू के बिना नहीं होंगे।

पुलित्ज़र के पुरस्कृत रायटर्स फोटोजर्नलिस्ट दानिश सिद्दीकी अफगानिस्तान में मारे गए

दानिश सिद्दीकी, एक पुलित्ज़र पुरस्कृत, रायटर्स के लिए काम करने वाले भारतीय फोटोजर्नलिस्ट की हत्या पिछले सप्ताह अफगानिस्तान में की गई, वे एक असाइनमेंट पर वहां थे। सिद्दीकी अफगान फोर्स के साथ पाकिस्तान के बॉर्डर पोस्ट के निकट भ्रमण कर रहे थे जब तालिबान मिलिटेंट्स ने उनकी व अन्य तमाम लोगों की हत्या की। दानिश महज 38 साल के थे।

टैमरॉन ने सोनी E-माउंट व फूजीफिल्म X-माउंट के लिए एलान किया 18-300mm F3.5-6.3 Di III-A VC VXD

टैमरॉन ने 18-300mm F3.5-6.3 Di III-A VC VXD का एलान किया, यह एक सुपरज़ूम लेंस है एपीएस-सी के लिए जो कि दोनों सोनी E-माउंट व फूजीफिल्म X-माउंट के लिए उपलब्ध रहेगा।

सोनी ने ZV-E10 का एलान किया, एक अल्फा सीरीज एपीएस-सी मिररलेस कैमरा जो कि खास विलॉगर्स के लिए

सोनी ने एलान किया है ZV-E10 का एलान किया, पहली अल्फा सीरीज जो कि खास विलॉगर्स के लिए बनी है। यह काफी कुछ सोनी के एंट्री लेवल एपीएस-सी कैमरा, A6100 पर आधारित है व इसमें कई फीचर्स भी हैं जैसे सोनी का रियल टाइम ऑटोफोकस। हालांकि, इसमें कई अन्य आधुनिक बदलाव भी हैं जो कि इसे खास व्लॉगिंग के लिए बनाते हैं। ZV-E10 में है फुल स्क्रीन जिससे व्लॉगर्स के लिए शूटिंग के दौरान वीडियो मॉनिटर करना आसान हो जाता है।

निकॉन GPS की जगह लॉन्च करने जा रहा है GNSS के साथ पहला कैमरा

निकॉन ला रहा है पहला कैमरा जिसमें GPS की जगह GNSS होगा। निकॉन के मुताबिक एक मॉडल में ब्लूटूथ, वाई फाई व GNSS जीएनएसएस होगा।

सिग्मा ने एलान किया E व L माउंट के लिए अपने 150-600mm F5-6.3 DG DN ओएस स्पोर्ट लेंस का

सिग्मा ने अपने ई व एल माउंट के लिए अपने 150-600mm F5-6.3 DG DN ओएस स्पोर्ट लेंस का एलान किया। इस लेंस में है 25 एलिमेंट, 4 स्टॉप इमेज स्टैबलाइजेशन के, ज़ूम स्विच व मौसम से बचाने वाली बॉडी।

जल्द आएगा टैमरॉन 35-150mm F2-2.8 Di III VXD फुल फ्रेम सोनी E-माउंट

टैमरॉन 35-150mm F2-2.8 Di III VXD फुल फ्रेम सोनी E-माउंट बॉडीज़ पर काम कर रहा है। लेंस में है बहुमुखी ट्रैवेल फ्रेंडली फोकल रेंज और यह इस्तेमाल करेगा कंपनी का VXD लीनियर फोकल मोटर स्विफ्ट ऑटोफोकस स्पीड के लिए।

मेरठ के फोटोग्राफर के साथ दबंगो द्वारा मारपीट एवं कुकर्म

मेरठ। 22 जुलाई को जानी थाना क्षेत्र में फोटोग्राफर के साथ मारपीट एवं कुकर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के अनुसार मनोज अपनी पार्टी के घर फोटो सलेक्ट कराने व पेमेंट लेकर घर वापस आ रहा था तभी कुछ अज्ञात युवकों द्वारा रास्ते में रोक कर मारपीट तथा कुकर्म की घटना को अंजाम दिया गया और हैवानियत की हद पार कर उसे जंगल में तड़पता हुआ छोड़कर आरोपी फरार हो गये। इस घटना से देश भर के फोटोग्राफरों में रोष है। विभिन्न फोटोग्राफी संगठनों ने इस घटना पर आपत्ति दर्ज की है एवं आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिये प्रशासन पर दबाव बनाया है।

STUDIO NEWS
लखनऊ, शुक्रवार, 6 अगस्त 2021 से 5 सितम्बर 2021

एक बेहतर फोटोग्राफ इतिहास का दरवाजा तो खोलता ही है साथ ही भविष्य को देखने का मौका भी देता है - शैलीमैन

EOS R SYSTEM

Canon
Delighting You Always

EOS R सिस्टम
की शानदार दुनिया में कदम रखिए

पेश है EOS का अगला शानदार विकसित रूप, एक संपूर्ण सिस्टम बेहतरीन RF लेंस माउंट के साथ जिनसे मिलती है ऑप्टिकल उत्कृष्टता। फुल फ्रेम सेंसर, विकसित फीचर्स, उत्कृष्ट श्रमता व कम्पैक्ट डिजाइन। आज के इमेज आर्टिस्ट को कल में प्रवेश के लिए ही डिजाइन किया गया है नया EOS R सिस्टम।

प्रोफेशनल्स जिन्हें चाहिए उच्च प्रदर्शन का कैप्चर, फुल फ्रेम सेंसर और शानदार क्षमता, उन्हीं के लिए खास तौर पर बना है EOS R सिस्टम। 54mm डायामीटर लेंस माउंट से RF लेंस में बड़े आकार का लेंस एलिमेंट लगाना संभव है व मिररलेस डिजाइन उन सभी को सेंसर के करीब लाता है जिससे कैमरा काम्पैक्ट और तस्वीरें चमकदार एवं शार्प खींचता है। इसका 12 पिन इलेक्ट्रॉनिक कनेक्शन देता है कैमरा व लेंस के बीच तेज कम्यूनिकेशन, और इससे बनता है यह एक बहुमुखी व शक्तिशाली सिस्टम।

EOS R5 + RF70-200mm f/2.8L IS USM

फोटो सौजन्य : नितिन अरोड़ा

ऑप्टिकल इमेज क्वालिटी में नया मानक

RF

RF माउंट

अद्भुत RF माउंट बना है बेहतर प्रदर्शन हेतु स्पीड, ड्यूरिबिलटी, फ्लैक्सिबिलिटी इत्यादि का आदर्श मेल देने के लिए। साथ ही EF व EF-S लेंस के साथ कम्पैटिबिलिटी देते कई माउंट अडैप्टर ऑप्शन के साथ EOS R सिस्टम को EOS सिस्टम में शामिल करना व रचनात्मक अवसर बढ़ाना बेहद आसान है।

54mm बड़ा डायामीटर व शॉर्ट बैक फोकस

बड़ा डायामीटर और रियर लेंस एलिमेंट व सेंसर के बीच घटती दूरी देते हैं इमेज क्वालिटी, प्रदर्शन, व कम्पैक्ट लेंस डिजाइन का अद्भुत मेल। नए RF माउंट में बरकरार है बड़ा 54mm डायामीटर जैसा कि कैनन EF माउंट में है, और शुक्र है EOS R सिस्टम कैमरा की मिररलेस संरचना का, इनकी बदौलत रियर लेंस एलिमेंट इमेज के करीब रह सकते हैं।

RF लेंस के रियर एलिमेंट डायामीटर में बड़े हो सकते हैं व इससे इमेज व फ्रेम के बाहरी कोनों की क्वालिटी बेहतर होगी। बड़े रियर एलिमेंट का अर्थ है फ्रंट एलिमेंट छोटे हो सकते हैं, इसका अर्थ है लेंस में लाइट की किरणों का मुड़ना व कम रिफ्रैक्शन के साथ बेहतर ऑप्टिकल प्रदर्शन।

12 पिन इलेक्ट्रोड्स के माध्यम से डेटा का हस्तांतरण

कैमरा व लेंस के बीच 12 पिन कनेक्शन का मतलब है तेज स्पीड पर कम्यूनिकेशन व बड़ा डेटा ट्रांसफर, तथा अद्भुत व तेज ऑटोफोकस, हाई इमेज स्टैबलाइजेशन व इमेज ऑप्टिमाइजेशन के साथ यह एक ऐसा सिस्टम है जिसे संचालन में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है जो भविष्य के विस्तार के लिये तैयार है।

अद्भुत प्रदर्शनों के लिये नये लेंसों का डिजाइन

कंट्रोल रिंग

लगभग सभी RF लेंस में लेंस बैरल में कंट्रोल रिंग होती है जो शटर स्पीड, अपर्चर, एक्सपोजर इत्यादि की सेटिंग को सीधा एडजस्ट करती है। इस रिंग में एक स्पर्शनीय सतह है जिसमें क्लिक क्रिया विधि है जो व्यूफाइंडर से देखने व इस्तेमाल करते समय आत्मविश्वास देता है।

ऑप्टिकल इमेज स्टैबलाइजेशन

RF लेंस को खासतौर पर EOS R सिस्टम के लिए डिजाइन किया गया है। अधिकांश RF लेंस में ऑप्टिकल इमेज स्टैबलाइजेशन तकनीक है जिससे EOS R सिस्टम कैमरा मिलकर काम करता है। सबसे तेज डेटा शेयर करने के अलावा RF लेंस किसी भी EOS R सिस्टम कैमरा के साथ जुड़ने पर देता है बेहतर इमेज स्टैबलाइजेशन व इमेज क्वालिटी ऑप्टिमाइजेशन।

EOS R5 + RF50mm f/1.2L USM

फोटो सौजन्य : नितिन अरोड़ा

पूर्ण अनुकूलता से परे

IN-BODY IMAGE STABILIZER

इन बॉडी 5 एक्सिस इमेज स्टैबलाइजेशन

EOS R बॉडी में है 5 एक्सिस इमेज स्टैबलाइजेशन जो कि RF व EF लेंस के साथ प्रयोग करने पर कैमरा हिलना व ब्लर को ठीक करता है।

EF / EF-S लेंस के साथ नई संभावनाओं की ओर

सभी फंक्शन्स के साथ EOS R सिस्टम कैमरा व EF/EF-S लेंस के बीच निर्बाध कनेक्शन देते हैं माउंट अडैप्टर। यह माउंट अडैप्टर EF एक्स्टेंडर जैसे कि एक्सटेंडर EF 1.4x III और EF 2x III के साथ भी कम्पैटिबल हैं। EOS R सिस्टम कैमरे के लिए यह माउंट अडैप्टर अनगिनत रचनात्मक संभावनाएं सुनिश्चित करते हैं।

इसके निष्कर्ष में कहा जा सकता है कि EOS R सिस्टम एक एडंवास फोटोग्राफर और फिल्मकार की जरूरतों को पूरा करता है जिसमें उनके रचनात्मक सफर का हर स्तर शामिल है।

Godox

TL30
TUBE LIGHT

GODOX-INDIA 2 YEAR OFFICIAL WARRANTY

FEATURES:

- A Liberating Light
- Fit Anywhere
- Light without Footprint
- A Color Library, Reliable Color Rendering
- Unlock a wide range of functionality
- Flexible Power Supply, Wireless Control

MRP: ₹ 7,990/-

TL30-K2 TWO LIGHT KIT FOR TL30

TL30-K4 FOUR LIGHT KIT FOR TL30

MOZA

MOZA Air 2S
New Version New Vision

1 YEAR WARRANTY

4.2 kg Max Payload | 3200 mAh Super Big Capacity | 2.0 h Fast Charging Technology | 20 h Run Time

Smart Micro HandWheel

Powerful Extensions Arsenal

Three Axis Lock Design

MOZA Spark Power Supply System 3.0

One-step Balancing

Superior Built Quality



MRP: ₹49,990/-

AD300 PRO
Outdoor Flash

Godox

GODOX-INDIA 2 YEAR OFFICIAL WARRANTY

FEATURES

- 300Ws Powerful Strobe in Well Thought Out Design
- Unlimited Flexibility
- Ease of Use
- High Performance & Large Capacity Battery
- More Optional Modifiers
- Godox-mount Modifiers

MRP: ₹ 37,990/-

2.4GHz | TTL | HSS 1/8000s | 0.01-1.5s | 320 Flashes | MULTI | Lithium Battery Pack | Bi-Color Modelling Light

Newell

NEWELL RECHARGEABLE LI-ON BATTERIES

WARRANTY 2 YEAR WARRANTY

BATTERY GHARGERS

BATTERY GRIPS

NIKITA DISTRIBUTORS

Head Office: FL-1B, Plot No. 410/2, Green Terrace, Near Vidyut Nagar, Lane No. 5, South Koregaon Park, Pune - 411001, MH, India
Tel: + 91 20 66050600, Toll Free Number: 18002668571, E-mail: raman.jpa@gmail.com, Web: www.imaginext.co.in

Branch Offices: Ahmedabad - 7600315392, 8238411811, Bangalore - 9686884944, Chennai - 8056216181, Delhi - 9268759295, Hyderabad - 7727045727, 8885867860, Kerala - 73560 53265, 9562912929, Kolkata - 9730134765, Mumbai - 9657255223, Punjab - 9717923994

BAJAJ FINSERV | EMI FINANCE
No Cost EMI | No Processing Fees

"अगर आपकी फोटो अच्छी नहीं है तो समझ जाइए आप सब्जेक्ट के पास नहीं हैं। - राबर्ट कापा

महान विभूतियाँ

वामन ठाकरे

FRPS, EFIAP, FPSA

(1932 - 2016)



24 अप्रैल सन 1932 में वामन ठाकरे का जन्म महाराष्ट्र के नागपुर जिले के रामटेक नामक एक गांव में मराठी परिवार में हुआ। स्कूल की शिक्षा उन्होंने रामटेक गांव के समर्थ विद्यालय में व नागपुर के न्यू एरा हाई स्कूल से पूरी की। नागपुर के ही चित्रकला महाविद्यालय व मुंबई के सर जेजे स्कूल ऑफ आर्ट कॉलेज से कॉमर्शियल आर्ट व फोटोग्राफी में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्होंने राज्य सरकार में बतौर आर्टिस्ट अपना करियर शुरू किया। सरकारी नौकरी में उनकी पदोन्नति होती गयी और अनन्तः मध्य प्रदेश सरकार में वह पंचायत व समाज सेवा डायरेक्टरेट में उपनिदेशक बने।

ठाकरे ने भारत व विदेशों में कई प्रदर्शनियां आयोजित कराईं व उनके कलेक्शन में अनेक बेजोड़ तस्वीरें रहीं। इनमें से एक अद्भुत पोट्रेट है रानी लक्ष्मी बाई का, इसे उन्होंने वर्ष 2010 में विश्व फोटोग्राफी दिवसर पर भोपाल में प्रदर्शित किया था। हालांकि इसकी सत्यता को लेकर काफी विवाद भी हुए थे।

इंदौर स्थित फोटोग्राफिक संस्था फोटोलवर्स के सलाहकार थे ठाकरे। भोपाल शहर में फोटोग्राफी के प्रमोशन के लिए उन्होंने बहुत से महत्वपूर्ण कार्य किये। मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें वर्ष 1988 में शिखर सम्मान से नवाज़ा, तथा केन्द्र सरकार ने वर्ष 2007 में उन्हें पद्मश्री से नवाजा।

उन्हें अति महत्वपूर्ण रॉयल फोटोग्राफिक सोसाइटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एवं फोटोग्राफिक सोसइटी ऑफ अमेरिका की "फेलोशिप" प्रदान की गयीं। ठाकरे सदैव इन फेलोशिप को अधिक महत्व देते थे, उनका मानना था कि यह फेलोशिप उनकी ओर से आई जो सही मायने में उनकी कला को परखने की काबिलियत रखते हैं। अन्य अवॉर्ड खासतौर पर राज्य अवॉर्ड कई सिफारिशों के बाद मिलते हैं। ठाकरे को यह बात स्वीकार करने में ज़रा भी झिझक नहीं थी कि एचआरडी मंत्री अर्जुन सिंह के आग्रह के बिना उन्हें पद्म अवॉर्ड नहीं मिलता।

वामन ठाकरे देश के प्रतिष्ठित फोटो आर्टिस्ट थे। उनकी कला व रचनात्मकता ने ही वर्ष 2007 में उन्हें पद्मश्री दिलवाया। वे यूं तो अपने रिटायरमेंट के बाद भोपाल में ही रहे लेकिन मन से वह सदैव नागपुरियन ही रहे।

वे कई सालों तक फेडरेशन ऑफ इंडियन फोटोग्राफी के प्रेसिडेंट रहे। लखनऊ कैमरा क्लब ने उन्हें अपने ऑल इंडिया सैलून ऑफ फोटोग्राफी के लिए बतौर ज्यूरी मेंबर कई बार आमंत्रित किया, और यहीं मेरी उनसे पहली बार मुलाकात भी हुई और थोड़ा इन्टरैक्शन भी। वो काफी साफ दिल के व साफ बोलने वाले व्यक्ति थे और अनुशासन प्रिय भी। फोटोग्राफी के विषय में उन्हें महारथ थी। एक बार जबलपुर के फोटोग्राफिक कार्यक्रम में मेरा जाना हुआ जहाँ ठाकरे साहब भी आमंत्रित थे और हम दोनों का एक ही होटल में दो दिन रूकना हुआ। इस दौरान हमारे बीच काफी बातें हुईं व उन्होंने मुझे दो किताबें भी भेंट की जो कि तब छपी थीं जब वे फेडेरेशन ऑफ इंडियन फोटोग्राफी के प्रेसिडेंट थे।

6 दिसंबर 2016 भोपाल में वे हम सबको व इस दुनिया को छोड़ कर चले गए।

मैं अपने मित्र श्री अखिल हार्दिया का धन्यवाद देना चाहूँगा, उन्होंने वामन ठाकरे साहब द्वारा ली गईं तस्वीरें मुझे उपलब्ध कराईं।

भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गाँधी जी के साथ







अनिल रिसाल सिंह
MFIAP (France), ARPS (Great Britain), Hon.FIP (India), Hon.LCC (India), FFIP (India), AIIPC (India), Hon.FSoF (India), Hon.FPAC (India), Hon.TPAS (India), Hon.FSAP (India), Hon.FICS (USA), Hon.PSGSPC (Cyprus), Hon.FPSNJ (America), Hon. Master-TPAS (India), Hon. Master-SAP (India), Hon.FWPAI (India), Hon.FGGC (India), Hon.GA-PSGSPC (Cyprus)
पूर्व अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ इण्डियन फोटोग्राफी

टूल्स ऑफ लाइटरूम - 8

अभिनीत सेठ
चाइल्ड फोटोग्राफर

हेलो दोस्तों, उम्मीद है आप सब अच्छे होंगे। जैसा की पिछले अंक में आप सबने पढ़ा कि हमने कैसे पोस्ट प्रोडक्शन में एडिटिंग की इम्पोर्टेंस समझायी थी और ये बताया था कि कैसे शूट के टाइम और शूट के बाद किन-किन बातों का ध्यान रखना पड़ता है। उसी तरह से आज भी हम लाइटरूम के अगले टूल पे डिस्कशन करेंगे जिसका नाम है "वायब्रंस"।

वायब्रंस का इस्तेमाल लाइटरूम में इंटेंसिटी को बढ़ाने के लिए होता है। यहाँ पे जब हम इंटेंसिटी की बात करेंगे तो मतलब कलर की इंटेंसिटी से होगा। वायब्रंस का यूज़ बेसिकली कलर इंटेंसिटी को बढ़ाने के लिए होता है। आप इस तरह से समझिये की कलर्स के अपीयरेंस, उसके सैचुरेशन और लुक को एनहान्स करने का काम वायब्रंस का होता हैं। वायब्रंस इमेज के सैचुरेशन पे भी काफी प्रभाव डालता है। टूल के स्लाइडर को आगे पीछे करने पर आपको सैचुरेशन के लेवल पर डिफरेंस दिख जाएगा। वायब्रंस की एक ख़ास बात होती है कि वो सैचुरेशन पर जो प्रभाव डालता है वो काफी समझदारी से डालता है। मेरा मतलब यह कहने का है कि वायब्रंस के स्लाइडर का प्रभाव आपको सिर्फ उन्हीं जगहों पर दिखेगा जहाँ पर इनकी जरूरत होती है। इसका प्रभाव स्किन टोन पर ना होकर सिर्फ उन जगहों पर होता है जहाँ पर इनकी जरूरत होती है। वायब्रंस टूल इस्तेमाल करते वक़्त लाइटरूम ये एनालाइज करता है कि आपकी इमेज के किस पार्ट में सैचुरेशन का लेवल ज्यादा है और कहीं भी अगर किसी तरह की कोई स्किन टोन है तो वो उसको बचाने की पूरी कोशिश करेगा। इसीलिए वायब्रंस टूल को इमेज एनहांसमेंट के लिए सबसे अच्छा टूल माना जाता है, और जब आप वायब्रंस का यूज़ अपनी इमेज में करते हैं तो ये आपके नॉन नेसेसरी पार्ट को ओवर सैचुरेट होने से बचाता है। इससे आपकी इमेज खराब होने और उसके बाद दिखने से बच जाती है। दूसरी तरफ अगर आप सैचुरेशन को कम या कण्ट्रोल करना चाहते है और उसके लिए आप सैचुरेशन का लेवल कम करते हैं तो आपको दिखेगा कि जो पोर्शन आपका ज्यादा सैचुरेटेड है वो पहले कम सैचुरेट की तरफ जाएगा और उसके लेवल को काफी कम कर देगा जबकि बाकी के जो कलर्स नार्मल हैं वो ऐसे ही इट इज़ मेन्टेन रहेंगे। यही खासियत होती है लाइटरूम की। वायब्रंस टूल आपके इमेज के उन कलर्स को निखार के दिखाता है जिनकी जरूरत ज्यादा होती है और साथ ही साथ स्किन कलर को भी डिस्टर्ब नहीं करता। इसकी मदद से आप कलर्स के ओवर सैचुरेशन से भी बच जाते हैं। एडजस्टमेंट के टाइम पर ही यह टूल अपने आप ही उन कलर्स को ही सेलेक्ट करता है जो की इमेज एनहांसमेंट में मदद करते हैं न कि इमेज को डिस्टर्ब करने में। अब यहाँ पर अगर वायब्रंस टूल को सैचुरेशन टूल से कम्पेयर करें तो सबसे बड़ा जो बेसिक डिफरेंस दिखता हैं वो यह है कि सैचुरेशन टूल आपके इमेज के ओवरआल कलर्स और उसकी इंटेंसिटी को इफ़ेक्ट करता है वहीं दूसरी ओर वायब्रंस टूल सिर्फ उन चुनिंदा कलर्स पर काम करता है जो आपके इमेज के कम्पोजीशन और बैलेंस को मेन्टेन करने में मदद करती है। कई बार देखा गया है कि वायब्रंस टूल का इफ़ेक्ट ज्यादातर मिड टोन्स पर ही देखने को मिलता है। वैसे अगर थोड़ा गहराई में जाकर आप देखे तो आपको पता चलेगा कि नाम का कोई टर्म नहीं होता था फोटोग्राफी में। पर एडोबी जैसी कंपनियों ने जब लाइटरूम और फोटोशॉप जैसे सॉफ्टवेयर्स इजाद किये तो उनमे एडवांसमेंट के चलते कई नए टूल्स और वर्ड्स का आविष्कार किया गया जिसमें से एक वाइब्रेंस भी था। वाइब्रेंस टूल का ईजाद ही स्पेशली कलर्स के करेक्शंस के लिए किया गया है और कलर्स में भी ये सारे कलर्स पर काम नहीं करता बस कुछ चुनिंदा कलर्स पर ही काम करता है। जो कलर्स बहुत सैचुरेटेड होते हैं उनको ये छोड़ देता है और उसकी जगह ये उन कलर्स पर काम करता है जिसपर इमेज के अपीयरेंस पर काफी प्रभावशाली असर पड़ता है। इसी की वजह से इमेज ज्यादा नेचुरल और खूबसूरत दिखती है। वाइब्रेंस कलर्स को दिखने में रिच बने रहने देता है, किसी भी तरह की डिटेल्स लूज़ नहीं करता है। अगर आप पोट्रैट एडिटिंग कर रहे हों तो वाइब्रेंस आपको कलर करेक्शंस के ज्यादा ऑप्शन देता है और कलर्स को सैचुरेट होने से भी बचाता है। इसकी मदद से आप कलर्स के बिना सैचुरेट हुए ही पोट्रैट को अच्छा लुक दे सकते हैं। वाइब्रेंस के कलर आउटपुट में और सैचुरेशन के कलर आउटपुट में अच्छा खासा डिफरेंस होता है। वाइब्रेंस आपको कलर्स के मामले में सॉफ्ट रिजल्ट्स देता है वही सैचुरेशन कलर्स को ओवर सैचुरेट कर देता है। वैसे अगर एडिटिंग पॉइंट ऑफ़ व्यू से देखे तो दोनों ही टूल्स का अपना यूज़ और इम्पोर्टेंस है। दोनों के कंबाइन अप्लाई से आप कलर्स पर कमाल कर सकते हैं। इस अंक में दोस्तों इतना ही, मिलेंगे अगली बार दोबारा एक नए टॉपिक और नॉलेज के साथ, अपना बहुत ख्याल रखें। बाए।

Vibrance- 100 +

Vibrance- -83

Vibrance- 100 +

Vibrance- -67

वेडिंग वर्कशॉप का आयोजन

उत्तर प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन (बाराबंकी इकाई) द्वारा एक वेडिंग वर्कशॉप का आयोजन 25 जुलाई को किया गया जिसमें वाराणसी से आए गणेश शर्मा ने सभी फोटोग्राफरों को नई तकनीक की जानकारी दी साथ ही साथ फोटोग्राफरों के बीच में फोटोग्राफी से संबंधित प्रतियोगिता करायी गयी एवं सही जवाब देने वाले को पुरस्कृत भी किया।

फोटोग्राफर साथियो, आप अपने जिले में होने वाली फोटोग्राफी वर्कशॉप, संगोष्ठी या फोटोग्राफी से सम्बन्धित अन्य किसी कार्यक्रम का विवरण एवं फोटो "स्टूडियो न्यूज" में छपवाने के लिये, कार्यक्रम की फोटो एवं विवरण को mailtostudionews@gmail.com पर मेल करें।

STUDIO NEWS
लखनऊ, शुक्रवार, 6 अगस्त 2021 से 5 सितम्बर 2021

फोटोग्राफी समय का ऐसा इतिहास है जिसे दोबारा नहीं लिखा जा सकता - रघु राय

THE NEXT REVOLUTION IN PHOTOGRAPHY BUSINESS NETWORKING

PHOTO VIDEO ASIA

23 24 25
SEPTEMBER 2021

PRAGATI MAIDAN,
NEW DELHI, INDIA
HALL NO. 2 First Floor

STALL BOOKING & SPONSORSHIP

RAVI AHUJA
+91 85111 65063
+91 99789 01084
jay.joshi@aakarexhibition.com
raviaakar6789@gmail.com

DINESH PUNJABI
+91 99789 00279
dp@aakarexhibition.com

HEENA MEHTA
+91 98989 49393
heena@aakarexhibition.com

SUPPORTED BY
AIFPA ALL INDIA FEDERATION OF PHOTOGRAPHY ASSOCIATION
UAPP UNITED ASIA PROFESSIONAL PHOTOGRAPHY ASSOCIATION

ORGANISED BY
AAKAR EXHIBITION
AAKAR EXHIBITION PVT. LTD.

for FREE entry give miss call on
90150 32754

RNI No. : UPHIN/2017/74695, **स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक** - सुरेंदर सिंह बिष्ट, शॉप नं. 3, शान्ति मार्केट, लक्ष्मणपुरी गेट, फैजाबाद रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ - 226016 द्वारा ज्ञान प्रिंटर्स, 207, 208 लेखराज मार्केट-2, इन्दिरा नगर, लखनऊ-226016 से प्रकाशित।
सम्पादक - सुरेंदर सिंह बिष्ट, फोन - 0522-4108575, ई-मेलः infostudionewsup@gmail.com, वेबसाइट : www.studionews.co.in